⇒ प्रतिनिधि सभा (House of Representatives)

प्रतिनिधि सभा अमेरिकी कांग्रेस का प्रथम सदन है। 1913 ई० में किए गए 17वें संशोधन के पहले सिर्फ यही एक सदन था, जिसका निर्वाचन भी प्रत्यक्षत: जनता द्वारा होता था, क्योंकि 1913 ई० के पहले सीनेट का निर्वाचन जनता द्वारा नहीं होता था। 17वें संशोधन के उपरांत सीनेट भी प्रतिनिधि सभा की तरह प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा चुनी जाने लगी। अत: निर्वाचन का आधार इस तरह रखा गया कि इसमें जनता का व्यापक प्रतिनिधित्व हो सके।

प्रतिनिधि - सभा की सदस्य संख्या और निर्वाचन —
(Membership and Election of the House of Representatives)

प्रतिनिधि सभा जनसंख्या पर आधृत थी, अत: संविधान में यह निर्धारित नहीं किया गया कि इसमें कितने सदस्य होंगे। कांग्रेस ने समय-समय पर कानून बनाकर संख्या निर्धारित की है। पहली बार में 65 सदस्य थे, किंतु जनसंख्या की वृद्धि के कारण संख्या बढ़ती गई और 1911 ई० के आते-आते यह संख्या 435 हो गई। पुन: 1961 ई० की जनगणना के आधार पर यह संख्या 435 ही कर दी गई है।

यद्यपि संविधान ने प्रतिनिधि सभा में सदस्यों की संख्या निर्धारित नहीं की, तथापि इसने यह निश्चित कर दिया था कि प्रत्येक तीन हजार लोगों पर एक से अधिक सदस्य नहीं चुना जाएगा। लेकिन, प्रत्येक राज्य से कम से कम एक प्रतिनिधि अवश्य रखने का प्रावधान किया गया। संविधान ने यह निर्धारित नहीं किया है कि मत देने का अधिकार किन-किन लोगों को होगा।

यह निर्धारित करने का अधिकार राज्यों को दिया गया है अतः प्रतिनिधि सभा के सदस्य अमेरिका लोकसभा की भाँति व्यस्क मताधिकार द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव - क्षेत्र प्रणाली द्वारा चुने जाते है 18 वर्ष के प्रत्येक नर - नारी को मताधिकार प्राप्त है मतदाता बनने के लिए यह भी आवश्यक है कि व्यक्ति उस राज्य में कुछ समय तक रहा हो। यह अवधि विभिन्न राज्यों में 6 मास से लेकर 2 वर्ष तक है पागलों और दिवालियों को मताधिकार से वंचित कर दिया गया है 1964-65 से स्त्रियों को भी व्यस्क मताधिकार प्राप्त हो गया है

चुनाव क्षेत्रों का निर्माण करना अमेरिका में राज्य - विधानमंडलों को की जिम्मेदारी है अतः प्रत्येक सत्ताधारी दल 'जैरीमैंडरिंग' (Gerrymandering) प्रथा द्वारा इसका दुरुपयोग करता रहा है इस प्रथा का अर्थ है कि सत्ताधारी दल चुनाव क्षेत्रों का उस ढंग से निर्माण करे कि विरोधी दल के समर्थकों की संख्या को थोड़े से क्षेत्रों में सीमित कर दिया जाए तथा अपने समर्थकों को अधिक - से - अधिक क्षेत्रों में इस तरह से फैला दिया जाए कि थोड़े - थोड़े बहुमत से अपने प्रत्याशी विरोधी दल के मुकाबले में जीत जाएँ आज भी इस प्रथा के विरुद्ध अमेरिका में काफी रोष है।

योग्यताएँ — सदस्यता के लिए निम्न योग्यता है -

(i) वह 25 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो

(ii) वह कम से कम 7 वर्ष तक अमेरिका का नागरिक हो।

(iii) वह अमेरिका में नागरिक या अन्य पदाधिकारी न

(iv) वह उस राज्य तथा जिले का निवासी हो जहाँ से चुनाव लड़ रहा हो।

योग्यताएँ :—

उपर्युक्त योग्यताओं के साथ-साथ प्रतिनिधि सभा की सदस्यता के लिए निम्नलिखित अयोग्यताएँ भी निर्धारित की गई है —

(i) कोई भी व्यक्ति कांग्रेस के किसी दल का सदस्य उस समय तक नहीं हो सकता, जब तक वह संयुक्त राज्य की सेवा में किसी पद पर हो।

(ii) साथ ही, कोई भी सदस्य किसी ऐसे सार्वजनिक पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकता, जिस पद का निर्माण उसकी सदस्यता के काल में हुआ हो।

⇒ **सदस्यों का कार्यकाल, वेतन एवं भत्ते :—**

प्रतिनिधि-सभा के सदस्य 2 वर्षों के लिए निर्वाचित होते हैं इसके बाद यह सभा विघटित हो जाती है अतः अमेरिकी प्रतिनिधि-सभा का कार्यकाल विश्व के अन्य देशों के निम्न सदनों के कार्यकाल की दृष्टि से बहुत कम है। प्रतिनिधि सभा के प्रत्येक सदस्य को 42,500 डालर वार्षिक वेतन मिलता है इसके अलावा, उन्हें किरानी रखने तथा स्टेशनरी खरीदने के निमित्त भत्ते तथा अन्य भत्ते मिलते हैं

⇒ **कार्यविधि (Procedure)—**

संविधान के 20 वें सं. संशोधन के अनुरूप, 'कांग्रेस प्रतिवर्ष एक बार अवश्य इकट्ठी होगी और इसकी बैठक 3 जनवरी की दोपहर से आरंभ होगी'। कांग्रेस के दोनों सदनों का अधिवेशन इस समय तक चलता रहता है, जब तक कि इसके सदस्य अधिवेशन के स्थगन के लिए मत न दें। दोनों सदनों का अधिवेशन एक साथ स्थगित होता है यदि दोनों सदन एक ही तिथि को स्थगन के लिए सहमत न हों तो उस समय राष्ट्रपति उस तिथि को निश्चित करता है राष्ट्रपति किसी विशिष्ट उद्देश्य की पूर्ति के लिए विशेष अधिवेशन आमंत्रित कर सकता है।

Scanned by TapScanner